## संपादकीय

# रूस ने साधा मकसद

लिसिचांस्क शहर पर कब्जे कोव्लादीमीर पुतिन अपनी जीत बताएंगे। हालांकि यह भी सच है कि यहां कब्जा करने में रूस को अपने अनुमान से कहीं ज्यादा वक्त और शक्ति लगानी पड़ी।

रूस ने यूक्रेन में अपनी सैनिक कार्रवाई का एक प्रमुख मकसद हासिल कर लिया है। लुहांस्क इलाके में स्थित लिसिचांस्क शहर पर कब्जा होने के साथ ही अब पूरा दोनबास इलाके उसके नियंत्रण में है। लुहांस्क इलाके में यह आखिरी बड़ा शहर है, जहां अब तक यूक्रेनी सेना का कब्जा था। तो अब व्यावहारिक रूप में पूरे दोनबास इलाके पर रूस का नियंत्रण है। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन इसे अपनी जीत के रूप में पेश करेंगे। हालांकि यह भी सच है कि यहां कब्जा करने में रूस को उससे कहीं ज्यादा वक्त लगा, जितनी पुतिन का अंदाजा रहा होगा। दोनबास क्षेत्र कोयला और स्टील उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र है। जाहिर है, यहां कब्जा रूस की बड़ी रणनीतिक जीत है। इसके अलावा अब समझा जाता है कि दोनबास इलाके के हाथ से निकलने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेन्स्की पर रूस से बातचीत करने और उसकी शर्तों के मुताबिक समझौता करने का दबाव बढ़ेगा। रूस का कहना है कि अगर यूक्रेन ये शर्त मान ले, तो युद्ध खत्म होने का रास्ता निकल आएगा। अब जेलेन्स्की इसके लिए तैयार नहीं हैं। लेकिन बदले हालात में वे क्या सोचते हैं, इस पर दुनिया की नजर रहेगी।

बहरहाल, रूस ने अपने दो लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। 24 फरवरी को यूक्रेन में अपनी 'विशेष सैनिक कार्रवाई' की शुरुआत से पहले पुतिन तीन उद्देश्य बताए थे। उन्होंने कहा था कि दोनबास इलाके को यूक्रेन से मुक्त कराना, यूक्रेन में नाजी विचारधारा वाले गुटों का सफाया, और यूक्रेन को इस बात पर मजबूर करना कि वह नाटो का सदस्य ना बने, इस कार्रवाई का उद्देश्य होगा। ऐसी राय रही है कि यूक्रेन का मारियापोल शहर नाजी संगठनों का गढ़ था। वहां पहले ही रूसी सेना अपना कब्जा जमा चुकी है। तो कहा जा सकता है कि सैनिक कार्रवाई के दो मकसद रूस ने पूरे कर लिए हैं। फिर भी यह याद रहेगा कि यूक्रेन की सेना ने लुहांस्क के कई मोर्चों पर लंबी लड़ाई लड़ी। रूसी सेना के आगे ऐसा करना आसान नहीं था। अंततः अपेक्षा के मुताबिक उसे पराजित होना पड़ा। अब यह देखने की बात होगी कि इसके बाद क्या जल्द युद्ध की समाप्ति का कोई रास्ता निकलता है?

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट के बावजूद शीबा इनु ने दिया शानदार रिटर्न

**नईदिल्ली।** नवंबर 2021 के बाद से क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आई गिरावट के कारण बिटकॉइन और ईथर समेत ज्यादातर क्रिप्टो करेंसी की हालत पतली हो चुकी है। इसके बावजूद छोटी क्रिप्टो करेंसीज में से एक शीबा इनु ने पिछले एक साल के कारोबार के दौरान अपने निवेशकों को 30 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है।



क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज वजीर-एक्स के आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक महीने के दौरान दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत में करीब 29 प्रतिशत की और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी ईथर की कीमत में करीब 32 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। दूसरी ओर इन दोनों बड़े क्रिप्टो करेंसीज की तुलना में काफी छोटे वॉल्यूम वाला शीबा इनु अपने निवेशकों को लगातार पॉजिटिव रिटर्न दे रहा है। पिछले एक महीने के दौरान शीबा इनु की कीमत में करीब 11 प्रतिशत का उछाल आ चुका है। वहीं अगर पूरे एक साल के कारोबार की बात की जाए तो शीबा इनु अपने निवेशकों को एक 31.38 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों से क्रिप्टो करेंसी मार्केट में जबरदस्त गिरावट का रुख है। इस गिरावट की वजह से नवंबर 2021 से लेकर अभी तक के कारोबार में बिटकॉइन 69,900 डॉलर के अपने सर्वोच्च स्तर से दो तिहाई से भी ज्यादा की कमजोरी के साथ आज 19,479 डॉलर के स्तर पर आ गया है। बताया जा रहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितता, मौद्रिक नीतियों की सख्ती और विशेष रूप से निवेशकों का भरोसा टूट जाने की वजह से क्रिप्टो करेंसी मार्केट पिछले 8 महीने के कारोबार के दौरान बुरी तरह से लड़खड़ा गया है।

मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक भरोसा टूटने की वजह से क्रिप्टो करेंसी मार्केट के निवेशक नुकसान का सामना करने के बावजूद जल्दी से जल्दी अपना पैसा निकालने की कोशिश में अपने पास मौजूद क्रिप्टो करेंसी की बिकवाली करने में लगे हुए हैं। इसकी वजह से क्रिप्टो करेंसी मार्केट डगमगाता जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि गिरावट के इस माहौल में भी शीबा इनु अगर अपने निवेशकों को साल भर में 30 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है, तो इससे क्रिप्टो करेंसी मार्केट के निवेशकों का उत्साह बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

# 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में अडाणी डेटा नेटवर्क्स, जियो, एयरटेल, वोडाफोन लगाएंगे बोली




**नईदिल्ली।** अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी अब टेलीकॉम सेक्टर में उतरने की तैयारी में हैं। अडाणी की कंपनी अडाणी डेटा नेटवर्क्स, रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन किया है। दूरसंचार विभाग की ओर से जारी सूची में इन प्रमुख कंपनियों के नाम शामिल हैं। सूची के मुताबिक आडाणी समूह की कंपनी अडाणी डेटा नेटवर्क्स ने 26 जुलाई से 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए आवेदन किया है। अडाणी समूह ने दूरसंचार स्पेक्ट्रम हासिल करने की दौड़ में शामिल होने की पुष्टि की थी। 5जी स्पेक्ट्रम की बोली में हिस्सा लेने के लिए आवेदन करने वाले अपना नाम 19 जुलाई तक वापस ले सकते हैं। पांचवीं पीढ़ी की 5जी स्पेक्ट्रम दूरसंचार सेवाओं जैसे अत्यधिक उच्च गति वाला इंटरनेट संपर्क प्रदान करने में सक्षम है। नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन 8 जुलाई तक किए जाने थे। अब स्पेक्ट्रम नीलामी की प्रक्रिया 26 जुलाई से शुरू होगी। इसमें कुछ फ्रीक्वेंसी बैंड के लिए आक्रामक बोली लगाई जाने की उम्मीद की जा रही है। इसमें अडाणी डेटा नेटवर्क के साथ-साथ टेलीकॉम क्षेत्र में स्थापित कंपनियां रिलायंस जियो तथा भारती एयरटेल अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए कोशिश कर रहे हैं।

# स्पाइसजेट ने सीएमडी अजय सिंह के खिलाफ दर्ज मामले को फर्जी बताया

**नईदिल्ली।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने अध्यक्ष एवं सह प्रबंध निदेशक अजय सिंह के खिलाफ दर्ज मामले को फर्जी बताया है। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि शिकायतकर्ता के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया जाएगा।

सस्ती विमान सेवा मुहैया कराने वाली विमानन कंपनी स्पाइसजेट के सीएमडी अजय सिंह के खिलाफ गुरुग्राम के एक थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। सिंह के खिलाफ एक स्थानीय निवासी की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है, जिसमें कंपनी के शेयर अलॉट करने के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया है। इसी पर कंपनी ने सिंह के खिलाफ दर्ज शिकायत को फर्जी करार देते हुए शिकायतकर्ता के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करने की बात कही है। कारोबारी अमित अरोड़ा ने शिकायत में कहा था कि सीएमडी अजय सिंह ने उन्हें 10 लाख शेयरों की एक नकली डिपॉजिटरी इंस्ट्रक्शन स्लिप (डीआईएस) दी थी।

# आईसीसी रैंकिंग में हरमनप्रीत, अटापट्टू ने की उन्नति



**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने दोनों देशों के बीच खेली गयी एकदिवसीय श्रंखला के आखिरी मैच के बाद आईसीसी रैंकिंग में छलांग लगायी है। आईसीसी की ओर से जारी ताज़ा रैंकिंग के अनुसार हरमनप्रीत आखिरी मैच में 75 रन की पारी की बदौलत एक पायदान ऊपर उठकर 13वें स्थान पर आ गयी हैं। दूसरी ओर, अटापट्टू की 44 रन की पारी ने उन्हें दो पायदान ऊपर पहुंचाकर उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंचा दिया। पांच साल पहले भी अटापट्टू आईसीसी महिला विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 143 गेंदों पर 178 रन बनाकर आठवें पायदान पर रह चुकी हैं। तीन मैचों की श्रंखला में 119 रन और तीन विकेट के साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनी गयीं हरमनप्रीत गेंदबाजों में भी आठ पायदान ऊपर उठकर 71वें और ऑलराउंडरों में चार पायदान ऊपर 20वें स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा शेफाली वर्मा (तीन स्थान ऊपर उठकर 33वें), यस्तिका भाटिया (एक स्थान ऊपर 45वें) और पूजा वस्त्राकर (आठ स्थान ऊपर 53वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में उन्नति की है। गेंदबाजों में राजेश्वरी गायकवाड तीन पायदान उठकर नौवें स्थान पर, मेघना सिंह चार स्थान उठकर 43वें स्थान पर और वस्त्रकार दो स्थान की उन्नति के साथ 48वें स्थान पर आ गयी हैं।

# इंग्लैंड की जमीन पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज बने बुमराह



**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में केवल 19 रन देकर 6 विकेट हासिल करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंबाज जसप्रीत बुमराह ने एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। बुमराह ने इंग्लैंड में एक भारतीय गेंदबाज द्वारा एकदिवसीय मैचों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। उन्होंने स्पिनर कुलदीप यादव को पीछे छोड़ा, जिन्होंने वर्ष 2018 में नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ 25 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

इसके अलावा बुमराह ने वनडे में एक भारतीय गेंदबाज द्वारा तीसरा सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा भी दर्ज किया, जो अब केवल स्टुअर्ट बिन्नी (6/4) और अनिल कुंबले (6/12) से पीछे हैं। वह एकदिवसीय मैचों में एक पारी में छह विकेट लेने वाले 10 भारतीय गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए। पहले एकदिनी मैच की बात करें तो इस मुकाबले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना। बुमराह ने दूसरे ओवर में जेसन रॉय और जो रूट को पवेलियन भेज दिया। दोनों बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए।

इसके बाद उन्होंने खतरनाक जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन को आउट किया। बुमराह ने 7.2 ओवरों में 3 मेडन के साथ 19 रन देकर 6 विकेट लिया।

बुमराह की खतरनाक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 110 रनों पर समेट दिया, जो भारत के खिलाफ 50 ओवर के प्रारूप में उनका सबसे कम स्कोर था। इंग्लैंड के शीर्ष छह में से चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी ने तीन और प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट लिया।

जवाब में, रोहित शर्मा (नाबाद 76) और शिखर धवन (नाबाद 31) की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने 18.4 ओवर में 114 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

# दक्षिण अफ्रीका की विश्व कप उम्मीदों को बड़ा झटका



**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। जिससे दक्षिण अफ्रीका के अगले साल के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई करने की संभावनाओं करारा झटका लगा है।

ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की श्रृंखला मूल रूप से अगले साल जनवरी के मध्य में निर्धारित थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इसे पुनर्निर्धारित करने के लिए कहा था ताकि श्रृंखला उनकी नई घरेलू टी 20 लीग के साथ न टकराए।

नई तारीखें नहीं मिल पाने के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने कहा, यह निराशाजनक है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका जनवरी में वनडे सीरीज नहीं खेल पाएगा। हम तीन टेस्ट श्रृंखलाओं के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करके खुश हैं जिसमें बॉक्सिंग डे और नए साल के टेस्ट मैच शामिल हैं।' उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई टीम का अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम काफी व्यस्त है। इसमें आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप और पुरुषों और महिलाओं की अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ-साथ बीबीएल का बारहवां सीज़न और डब्ल्यूबीबीएल का आठवां सीज़न शामिल है। हम इस गर्मी में प्रशंसकों को क्रिकेट में वापस देखने का और इंतजार नहीं कर सकते। दक्षिण अफ्रीका में सुपर लीग की अवधि पूरी होने से पहले अफ्रीकी टीम का इंग्लैंड और भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला निर्धारित है और अगले साल मुख्य टूर्नामेंट में अपना रास्ता बनाने के लिए उन्हें क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर की चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में 12 मैचों में 70 अंकों के साथ सुपर लीग अंकतालिका में आठवें स्थान पर है, उसकी अगली प्रतियोगिता अगले महीने के अंत में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के साथ शुरू होगी।

# भूल भुलैया 2 के साथ कार्तिक आर्यन के बॉक्स ऑफिस पर 50 दिन पूरे



बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया 2 ने सिनेमाघरों में अपना सपना जारी रखा है। कार्तिक ने रविवार को बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के 50 दिन पूरे होने की खुशी जताई। 20 मई को रिलीज हुई फिल्म के बाद से युवा सुपरस्टार ने थिएटर स्क्रीन के सामने जिग़जैग कदम रखा था।

साल के सबसे बड़े ओपनिंग वीकेंड से लेकर दुनियाभर में 230 करोड़ रुपये से अधिक के कलेक्शन तक, कार्तिक की हॉरर कॉमेडी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है और यहां तक कि आने वाले हफ्तों में कई अन्य बड़ी फिल्मों के रिलीज होने के साथ, यह रविवार को 50 दिन पूरे करते हुए सिनेमाघरों में अपना प्रदर्शन जारी रखे हुए है।

प्यार का पंचनामा 1, प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी, पति पत्नी और वो, लुका छुपी और प्यार का पंचनामा के बाद भूल भुलैया 2 बॉक्स ऑफिस पर 50 दिनों से अधिक समय तक चलने वाली कार्तिक की छठी फिल्म होगी।

अभिनेता ने सोशल मीडिया पर लिखा है, भूल भुलैया2 के थिएटर में 50 दिन! अब हफ़्तों वाला जमाना नहीं रहा, अब तो यही गोल्डन जुबली है।यह फिल्म ऐसे समय में 50 दिनों से अधिक समय तक चल रही है साथ ही यह फिल्म भी एक पखवाड़े से अधिक समय से ओटीटी पर चल रही है।

# श्रिया पिलगांवकर ने पूरी की ताजा खबर की शूटिंग



अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने कॉमेडी-ड्रामा ताजा खबर की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें भुवन बम, जेडी चक्रवर्ती, देवेन भोजानी, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और शिल्पा शुक्ला भी हैं।

श्रिया आगामी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज में एक सेक्स वर्कर की भूमिका में नजर आएंगी।

शो के समापन पर, श्रिया कहती हैं, ताजा खबर की शूटिंग एक बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है। मुझे कॉमेडी - ड्रामा पसंद है और यह एक ऐसा जॉनर है जिसे मैंने वास्तव में नहीं किया है। मैं एक सेक्स वर्कर की भूमिका निभाती हूं।

मैंने जो किया है, उससे मेरा चरित्र और लुक पूरी तरह से अलग है, जिसने इस प्रक्रिया को और भी अधिक संपूर्ण बना दिया है। मुझे भुवन और इस पूरी कास्ट और क्रू के साथ काम करना पसंद है, जो बहुत प्रतिभाशाली और मेहनती हैं।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपको मान-सम्मान मिलेगा। कामकाज, व्यवहार, सौदेबाजी हर चीज में ईमानदारी रखें। पुराने दोस्त ओर रिश्तेदारों से बातचीत हो सकती है अस्वस्थता का ध्यान रखें। कोई भी फैसला करने से पहले कमियों पर सावधानी से गौर फरमाएँ।

***वृष :*** कोई व्यक्ति आपके करियर की समस्या का सही समाधान निकाल सकता है। रास्ता साफ होते ही आप उस दिशा में कोशिशें शुरू कर दें। सफलता मिलेगी। काम में मन लगेगा।

***मिथुन :*** आज आपको शुभ समाचार मिलेंगे। आपका स्वाभिमान बना रहेगा। किसी मजबूर व्यक्ति की मदद भी कर सकते हैं। किसी धार्मिक काम में भी आपका पैसा लग सकता है। सुबह व्यायाम करें, अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

***कर्क :*** दिन के शुरुआती समय में बड़े फायदे का कोई काम या सौदा आपके सामने आ सकता है। किसी भी बड़ी जरूरत पर कोई न कोई मदद मिल जाएगी। पैसों के संबंध में बड़े फैसले के लिए किसी से सलाह लेनी पड़ सकती है।

***सिंह :*** आज आपकी यात्रा आरामदेह रहेगी। आपको नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। किस्मत का साथ मिलेगा। आत्मविश्वास बढ़ सकता है। दिमाग में कई तरह की बातें भी रहेंगी। कुछ कर दिखाने की इच्छा तेज हो सकती है।

***कन्या :*** आज फालतू खर्च होगा। आपका पुराना रोग उभर सकता है। सोचे हुए काम भी समय पर पूरे होंगे। बिजनेस, प्यार और परिवार के बारे में आपको कुछ बातें पता चलेंगी, जो आपके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहेगी।

***तुला :*** आज धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। आपको शुभ समाचार मिलेंगे। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा बेचैनी से मुक्ति पाने के लिए आने वाले दिनों में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं। जिनसे आपको फायदा भी होगा।

***वृश्चिक :*** आपके रचनात्मक कार्य लाभदायक रहेंगे। आज भागदौड़ रहेगी। कोई शोक समाचार मिल सकता है। आज आप परिवार के लिए समय निकाल सकते हैं, बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं तो बेहतर रहेगा।

***धनु :*** आज नई योजना बनेगी। आपके कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी काम के लिए सीमा तय करें और खुद पर कंट्रोल करें। अलग-अलग नज़रिए के चलते आपके और आपके जीवनसाथी के बीच वाद-विवाद हो सकता है।

***मकर :*** आज आपकी यात्रा मनोरंजक रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। आप धैर्य और संयम रखें। कोई बड़ी योजनाओं और विचारों के जरिए आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में भली-भांति जाँच-पड़ताल कर लें।

***कुंभ :*** आज वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। आपके आसपास के कुछ लोग तनाव से बाहर आने में आपकी मदद कर सकते हैं। आपके लिए अच्छा रहेगा।

***मीन :*** आज जल्दबाजी न करें। किसी विवाद से बचें। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजमर्रा की समस्याएं आसानी से सुलझ सकती हैं। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें।

# झटपट से बनने वाला टेस्टी 'ब्रेड वडा'



ब्रेड से आप कई तरह के ऐसे स्नैक्स तैयार कर सकते हैं जो टिफिन से लेकर स्टार्टर और यहां तक कि ब्रेकफास्ट के लिए भी बेहतरीन ऑप्शन होते हैं। तो मानसून में आज हम जानेंगे ब्रेड वडा की रेसिपी।

**सामग्री :**

ब्रेड स्लाइस- 5 छोटे टुकड़े किए हुए, प्याज- 1/2 कप (बारीक कटी हुई), हरी मिर्च- 1 बारीक कटी हुई, अदरक कद्दूकस या पिसा हुआ- 1 1/2 टीस्पून, करी पत्ता- 5-6, धनिया पत्ती कटी हुई- 1 टेबलस्पून, नमक- स्वादानुसार, चावल का आटा- 1/4 कप, प्लेन योगर्ट- 1/2 कप, तेल- फ्राई करने के लिए


**विधि :**

- बाउल में ब्रेड के छोटे-छोटे टुकड़े कर डाल लें।
- इसके बाद तेल को छोड़कर बाकी सारी चीज़ें इसमें डाल लें।
- हाथों से सारी चीज़ों को अच्छी तरह मिक्स करें।
- हथेलियों पर तेल लगाकर इस मिक्सचर से छोटे-छोटे बॉल्स बना लें।
- गैस पर कड़ाही गर्म होने के लिए रख दें। इन बॉल्स को सुनहरा होने तक अच्छे से फ्राई कर लें।
- कड़ाही से निकालकर इन्हें पेपर टॉवेल पर रखें जिससे एक्स्ट्रा ऑयल एब्जॉर्ब हो जाए।
- ऐसे ही बाकी बॉल्स को भी फ्राई कर लें।
- हरी चटनी या टमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 132

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 131 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू-दोकू- 132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.131 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |